# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राहुल पहाडिया पुत्र श्री जगदीश प्रसाद निवासी 71 ई/6 बी, जवाहर नगर, कच्ची बस्ती, 6 बी, वार्ड नंबर 47, जयपुर 302004

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा/तहसीलदार सिकराय जिला दौसा

अपील संख्या 23/2024

**निर्णय** दिनांक 03.06.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर दौसा ने लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय को अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय ने पत्र क्रमांकः आर0टी0आई0/2024/1033 दिनांक 02.05.2024 के द्वारा अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Devendra

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:40:44 IST
Reason: SelfAttested